Subject: Sociology
Class: B.A.
Year: 3rd SEM
Name of The Paper: Social reaserch
Topic: questionnaire

Ms Shashi Prabha Gautam
Assistant professor – sociology
Government degree college jakhini, varanasi
Email- shashi.socio@gmail.com

प्रश्नावली (QUESTIONNAIRE)

- प्रश्नों या कथनों का समूह हैं, जिसके माध्यम से व्यक्ति से पूछकर सूचनाएं एकत्रित की जाती हैं। प्रश्नावली, अनुसन्धान करने का एक औज़ार है जिसमें लोगों से सूचना एकत्र करने के लिए उनसे बहुत से प्रश्न पूछे जाते हैं।
- चूंकि बड़े क्षेत्र मे सूचनादाता फैले हुये होते है अतः अध्ययनकर्ता के लिये प्रत्येक सूचनादाता से प्रत्यक्ष सम्पर्क स्थापित कर साक्षात्कार प्रविधि से सूचनायें प्राप्त करना अत्यधिक कठिन हो जाता है, क्योंकि दूर-दूर रहने वाले व्यक्तियों से साक्षात्कार करने के लिये अधिक समय, धन तथा परिश्रम की आवश्यकता होती है। अतः प्रश्नावली प्रविधि ऐसे समय मे प्राथमिक सूचनाओं की प्राप्ति मे महत्वपूर्ण सहयोग देती है। इसीलिए प्रश्नावली को साक्षात्कार प्रविधि का विकल्प कहा जाता है। आगे प्रश्नावली की परिभाषा, विशेषताएं, प्रकार प्रश्नावली निर्माण की प्रविधि और गुण दोष जानेंगे।

प्रश्नावली की परिभाषा

- **सेलिज, जहोदा व अन्य ने**, " प्रश्नावली की व्याख्या करते हुए स्पष्ट किया है कि इसमे मानकीकृत, पूर्व क्रमित सीमित प्रश्न होते है जिन्हें उत्तरदाताओं के पास डाक से भेजा जाता है या उन्हें दिया जाता है।
- **पोप** " एक प्रश्नावली को प्रश्नों के एक समूह के रूप मे परिभाषित किया जा सकता है, जिसका उत्तर सूचनादाता को बिना अनुसंधानकर्ता या प्रगणक की व्यक्तिगत सहायता के देना होता है।
- **बोगार्डस के अनुसार** " प्रश्नावली विभिन्न व्यक्तियों से उत्तर प्राप्त करने के लिए प्रश्नों की एक सूची होती है। यह प्रमाणीकृत प्रमाणों को प्राप्त करती है, जिनका सारणीकरण एवं सांख्यिकी सम्बन्धी उपयोग किया जा सकता है।
- **गुडे एवं हाॅट के शब्दों मे** " सामान्य रूप से प्रश्नावली से अर्थ प्रश्नों के उत्तरों को प्राप्त करने के लिए साधन से है, जिसमें पत्रक का प्रयोग किया जाता है, जिसे सूचनादाता स्वयं भरता है।"

प्रश्नावली की विशेषताएं

- 1. प्रश्नवली प्रश्नों की एक सूची होती है, जिसे अनुसंधानकर्ता उत्तरदाता के पास डाक द्वारा भेजता है।
- 2. प्रश्नावली मे जिन प्रश्नों को सम्मिलित करके प्रयोग किया जाता है, उन्हें टाइप अथवा साइक्लोस्टाइल्ड या प्रकाशित कर लिया जाता है।
- 3. प्रश्नावली प्राथमिक सामग्री के संकलन की एक प्रविधि है जिसमे सूचनाता से अप्रत्यक्ष सम्पर्क के आधार पर जानकारी एकत्र की जाती है।
- 4. इसमे सरल व स्पष्ट प्रश्न होते जिनकी संख्या सामान्यतया सीमित होती है जिससे उनका उत्तर देने से सूचनादाता को अधिक समय न लगे।
- 5. प्रश्नावली मे अन्वेषक की ओर से सूचनादाता को कुछ निर्देश दिये गये होते है जिससे उसे प्रश्नों को भरने मे आसानी हो।
- 6. प्रश्नावली का उपयोग केवल शिक्षित व्यक्तियों से आंकड़ों को एकत्रित करने हेतु किया जाता है।
- 7. अधिकांशतया प्रश्नावली मे प्रश्नों को युक्तिसंगत आधार पर कुछ वर्गों मे व्यवस्थित क्रम के अनुसार रखा गया होता है।
- 8. इसमे सामान्यतः मानकीकृत बन्द या पूर्व निश्चित विकल्प के प्रश्न होते है। इनके अलावा इसमे खुले प्रश्न भी हो सकते है,

प्रश्नावली के प्रकार

1. मिश्रित प्रश्नावली
2. चित्रमय प्रश्नावली
3. बन्द प्रश्नावली
4. खुली प्रश्नावली

- प्रो. पी. यंग के अनुसार प्रश्नावली दो तरह की होती है--

(अ) संरचित प्रश्नावली
(ब) असंरचित प्रश्नावली

- प्रो. लुम्डबर्ग अनुसार प्रश्नावली दो तरह की होती है--

(अ) तथ्य संबंधी प्रश्नावली
(ब) मत अथवा मनोवृत्ति प्रश्नावली

प्रश्नावली का महत्व अथवा गुण अथवा लाभ

1. विशाल जनसंख्या का अध्ययन
2. कम खर्च
3. शीघ्र सूचनायें
4. सुगमता
5. स्वतंत्र तथा प्रामाणिक सूचनायें
6. स्वयं प्रशासित
7. स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं प्रामाणिक सूचनाओं का संकलन
8. स्व-प्रशासित
9. सांख्यिकी विश्लेषण संभव

प्रश्नावली की सीमायें अथवा दोष

1. केवल शिक्षितों का अध्ययन सम्भव
2. प्रत्युत्तर प्राप्त न होना
3. अपूर्ण सूचना
4. अनुसंधानकर्ता की सहायता का अभाव
5. खराब लेख
6. गहन अध्ययन असंभव
7. भावात्मक प्रेरणा का अभाव
8. सार्वभौमिक प्रश्न असम्भव
9. गलत सूचनाओं की संभावना
10. उत्तरों की भिन्नता की समस्या